कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा–माध्य/संस्था/गोप्र/डी–।।–एफ/अचलसम्पति/2019 दिनांकः 29/12/2020

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा माध्यमिक।

विषयः–माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनकी SSO-ID से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेंयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2021 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गो के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी SSO-ID से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2021 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवायी जानी है। इसके अभाव में भावी वेतन वृद्धि तथा पदौन्नति देय नहीं होगी। यदि किसी कार्मिक की अचल सम्पति की सूचना शून्य है तो भी शून्य की सूचना भी अपलोड करना अनिवार्य है। उक्त कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. अपने अधिनस्थ समस्त कार्यालयों/आहरण वितरण अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए सभी संवर्गो के राजपत्रित अधिकारियों (प्रतिनियुक्त तथा अवकाश पर चल रहे अधिकारियों सहित) को 31.01.2021 तक अपनी अचल सम्पति का विवरण अपलोड करने हेतु पाबंद करे।
2. अपने अधिनस्थ समस्त जिला कार्यालयों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर इसे समेकित कर आपके कार्यालय के ईमेल (आपकी Gmail ID) पर प्रेषित google sheet में संभागवार सीट में अपने संभाग की समेकित प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन इन्द्राज करें।

29/12/2020

www.rajsevak.com

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकःशिविरा–माध्य/संस्था/गो.प्र./डी–।।–एफ/अचल सम्पति/2019 दिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप–2 जयपुर ।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा को प्रति देकर लेख है कि अपने अनुभाग में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों की अचल सम्पति विवरण ऑनलाईन करवाकर समेकित हार्ड–कॉपी एसीआर अनुभाग में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
5. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर